# मथुरा पुलिस

UTTAR PRADESH 112 EMERGENCY

**दिनांक 17.07.2025** **प्रेस नोट** **थाना- कोतवाली**

**थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 24 घंटे के अंदर एक युवती (24 वर्ष) का गला दबाकर हत्या करने वाले एक अभियुक्त(मृतका के प्रेमी) को किया गिरफ्तार ।**

थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 17.07.2025 को अभियुक्त राहुल पुत्र स्व0 जगदीश निवासी ग्राम नगला सराय थाना फतेहपुर सीकरी जनपद आगरा हाल निवासी क्षेत्रपाल के मकान में किरायेदार, रामनगर कृष्णानगर थाना कोतवाली जिला मथुरा उम्र करीब 25 वर्ष को गोवर्धन चौक पर आगरा को जाने वाले सर्विस रोड़ से समय 00.45 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त राहुल उपरोक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली पर वादी मुकद्दमा की लिखित तहरीर पर दिनांक 16.07.2025 को मु0अ0सं0 437/2025 धारा 103(1) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया था। अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली से विधिक कार्यवाही की गई।

**घटना का संक्षिप्त विवरण:-**

अभियुक्त व मृतिका दोनो के प्रेम सम्बन्ध थे। दिनांक 16.07.2025 को अभियुक्त राहुल ने मृतिका को अपने किराये के कमरे रामनगर, कृष्णानगर पर बुलाया था जहां पर दोनो का आपस में किसी बात को लेकर वाद-विवाद हो गया जिसके बाद अभियुक्त राहुल उपरोक्त द्वारा मृतिका की गला दबाकर हत्या कर दी गई।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्त नाम व पता:-**

राहुल पुत्र स्व0 जगदीश निवासी ग्राम नगला सराय थाना फतेहपुर सीकरी जनपद आगरा हाल निवासी क्षेत्रपाल के मकान में किरायेदार, रामनगर कृष्णानगर थाना कोतवाली जिला मथुरा उम्र करीब 25 वर्ष।

**गिरफ्तार अभियुक्त राहुल उपरोक्त की गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय:-**

स्थान- गोवर्धन चौक पर आगरा को जाने वाले सर्विस रोड़ से थाना कोतवाली जिला मथुरा, दिनांक 17.07.2025 व समय करीब 00.45 बजे।

**गिरफ्तार अभियुक्त राहुल उपरोक्त का आपराधिक इतिहास:-**

मु0अ0सं0 437/2025 धारा 103(1) बी0एन0एस0 थाना कोतवाली जिला मथुरा

**गिरफ्तार अभियुक्त राहुल उपरोक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम के सदस्यों के नाम:-**

1.प्र0नि0 श्री देवपाल सिंह पुण्डीर थाना कोतवाली जिला मथुरा।

2.उ0नि0 श्री कुशलपाल सिंह (चौकी प्रभारी कृष्णानगर) थाना कोतवाली जिला मथुरा।

3.है0का0 1231 विनय कुमार थाना कोतवाली जिला मथुरा।

4.का0 1033 धीरज कुमार थाना कोतवाली जिला मथुरा।

